सार-समाचार

झांसा देकर जेवरात हड़पे

उदयपुर, (कासं)। कार में सवार बदमाश जीवन ठीक करने का झांसा देकर पीडित के जेवरात खुलवा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित न्यू शक्तिनगर निवासी गोपाल पुत्र गेहरीलाल मेहता ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि 17 मार्च को मत्था टेक कर शास्त्री सर्कल सामने गेट पर खड़ा था। इस दौरान आई कार में सवार व्यक्ति ने हनुमान टेकरी के लिए पूछा। इंकार करने पर शमशान घाट के लिए पूछा तो बदमाश मुझे कार में बिठा ले गए। इस दौरान कार में सवार व्यक्ति ने नागासाधु होने तथा प्रधानमंत्री सहित अन्य बडी हस्तियों की जीवन ठीक करने का हवाला देते हुए मेरा जीवन ठीक करने की बात कही। इस दौरान उन्होंने मेरे हाथ से घडी निकलवा कर रूद्राक्ष व 10 रूपये हाथ में थमा दिए तथा वापस घडी पहना दी। इसी सोने की अंगुठी व गले से चेन निकलवा ली तथा बातचीत करते हुए मुझे कार से उतार कर फरार हो गए। जिनका सिटी स्टेशन तक पीछा भी किया लेकिन वे फरार हो गए।

हादसे में युवक की मौत, दो घायल

उदयपुर, (कासं)। प्रतापनगर थाना क्षैत्र में ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई तथा दो साथी घायल हो गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार अपरान्ह में प्रतापनगर थानाक्षैत्र सुखेर रोड़ पर स्थित एमएलएसयू स्वर्ण जयंती पार्क के समीप ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार बडी निवासी लक्षित पुत्र खेमराज चौबीसा की मौत हो गई तथा उसके साथी हेमन्त शर्मा व केतन मैनारिया घायल हो गए। तीनों डबोक परीक्षा देने गए थे जहां से वापस घर लौट रहे थे और बीच रास्ते में यह हादसा हो गया। सूचना मिलने पर हेडकांस्टेबल लालसिंह ने मौके पर पहुंच तीनों को एमबी चिकित्सालय पहुंचाया। जहां लक्षित को मृत घोषित कर दिया तथा दोनों घायलों हेमंत व केतन को उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती करवाया। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।

महिला ने फांसी लगाई

उदयपुर, (कासं)। हिरणमगरी थाना क्षेत्र में महिला ने अपने कमरे में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार सांय वाजमिया हॉल हिरणमगरी थाना क्षैत्र पाराखेत निवासी लीला (28) पत्नी देवीलाल गमेती ने अपने कमरे में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। लीला अपने पति को छोड कर अकेली रह रही थी। शाम को बच्चों को मरने की धमकी देते हुए कमरा बंद कर दिया था। इस पर छोटे बच्चों ने किराणा दुकान को बताया। इस पर दुकानदार व पड़ोसियों ने आकर किवाड तोड कर पुलिस को सूचना दी। इस पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर लीला को फांसी के फंदे से नीचे उतार चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

दुष्कर्म का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। पीडिता का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता ने आरोपी पानड कुराबड़ निवासी सुनिल मीणा पुत्र रामजी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि 2 मार्च को आरेपी मुझे बहला फुसला कर अपने साथ बैंगलौर ले गया। जहां उसने बंधक बनाए रख मेरे साथ दुष्कर्म किया। वहां से लौटने पर परिजनों को घटना की जानकारी बता कर प्रकरण दर्ज करवाया। इस मामले में पीडिता के पति ने गुशमुदगी दर्ज करवाई थी। इस पर पुलिस उसे दस्तियाब कर लाई तब उसने आपबीती बताई।

नकदी हड़पी, मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। मित्र के नाम से ऑनलाइन नकदी वसूल कर हडपने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। प्रकरणके अनुवसार देवपुरा देवगढ हॉल कुंभानगर हिरणमगरी सेक्टर4 निवासी चन्द्रशेखर चुण्डावत ने साईबर पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। कि 16 मार्च को अज्ञात आरोपी ने मित्र की मेल व अन्य आईडी हेक कर मुझसे बातचीत की। इस दौरान मित्र का नाम लेते हुए उसने बातों बातों में मुझसे 3-4 टुकडों में एक लाख रूपये पेटीएम करवा लिए। फोन करने पर बातचीत नहीं हो पाई। कुछ देर बाद दुबारा बातचीत करने पर ठगी होने का खुलासा हुआ।

मेवाड़ महोत्सव की तैयारियों की कलेक्टर ने की समीक्षा

उदयपुर, (कासं)। जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने कहा है कि मेवाड़ और महाराणा प्रताप का नाम देश-दुनिया में प्रसिद्ध है, ऐसे में मेवाड़ महोत्सव का आयोजन भी मरू महोत्सव की तर्ज पर विविधता लिए हुए गतिविधियों के साथ किया जाए तो यहां आने वाले पर्यटक मेवाड़ महोत्सव में भाग लेने के लिए कार्यक्रम तय करते हुए आ सकते हैं। कलेक्टर मीणा ने यह बात जिले में 24 से 26 मार्च तक आयोजित होने वाले मेवाड़ महोत्सव की तैयारियों एवं

■ **मरू महोत्सव की तर्ज पर गतिविधियां आयोजन करने के दिए निर्देश**

व्यवस्थाओं के संबंध में शनिवार को संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक के दौरान कही।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि मेवाड़ महोत्सव पर गतिविधियों का आयोजन पूरे जिले में होना चाहिए और यह भी ध्यान रखा जावें कि मेवाड़ गौरव महाराणा प्रताप से जुड़े स्थानों पर भी इस प्रकार की गतिविधियां आयोजित हो। उन्होंने पर्यटन उपनिदेशक को निर्देश दिए कि फिलहाल तय गतिविधियों के साथ महोत्सव आयोजित हो परंतु आगामी दिनों में आने वाले विश्व पर्यटन दिवस पर इस प्रकार की गतिविधियों के लिए प्रस्ताव तैयार कर प्रेषित करें ताकि गतिविधियां आयोजित हा सके।बैठक में कलक्टर ने मेवाड़ के गौरव एवं लोक संस्कृति पर आधारित इस आयोजन में विभिन्न विभागों को अलग-अलग दायित्व सौंपें व पूर्ण समन्वय के साथ आयोजन को भव्य बनाने के निर्देश दिये।

जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा (बीच में) ने मेवाड़ महोत्सव की तैयारियों की बैठक में चर्चा की।

लर्निंग विजिट में उद्योग प्रतिनिधियों ने भाग लिया

उदयपुर, (कासं)। सीआईआई ने सीआईआई-वाईआई सदस्यों के लिए सिक्योर मीटर्स लिमिटेड के मैनुफेक्चरिंग प्लांट उदयपुर में एक लर्निंग विजिट का आयोजन किया। लर्निंग विजिट में उदयपुर, जयपुर, अजमेर कोटा के 25 से अधिक उद्योग प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

सीखने की यात्रा का उद्देश्य उद्योगों को उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने और हर रोज विकसित और अप्रचलित प्रौद्योगिकी की चुनौतियों का सामना करने के लिए व्यावसायिक उत्कृष्टता का निर्माण करने के लिए 'नए समाधान और अभिनव विचार' खोजने में मदद करना था।सिक्योर मीटर लिमिटेड की स्थापना 1987 में इलेक्ट्रॉनिक युग के आगमन पर हुई थी। वैश्विक मीटरिंग डोमेन में सर्वश्रेष्ठ सैद्धांतिक विकास के साथ भारतीय मितव्ययी इंजीनियरिंग को जोड़कर, सिक्योर दुनिया का पहला व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य ऊर्जा मीटर बनाने में सक्षम था। तब से, कंपनी उदयपुर के प्रांतीय शहर से सभी भारतीय राज्यों में विकसित हुई थी। उनके उत्पाद अब 60 से अधिक देशों में स्थापित हैं। सिक्योर मीटर लिमिटेड के साथ नौ देशों -भारत (मुख्यालय), ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इटली, मलेशिया, सिंगापुर, स्वीडन, यूएई और यूके में 6,500 से अधिक लोग काम करते हैं। कंपनी की घाना और मलेशिया में दो विनिर्माण साझेदारियां हैं, जिसने उन्हें अफ्रीका और दक्षिण पूर्व एशिया के तेजी से उभरते और प्रमुख बाजारों में योगदान करने में सक्षम बनाया है। यात्रा के दौरान, कुणाल बागला, अध्यक्ष, सीआईआई उदयपुर जोनल काउंसिल ने कहा कि मिशन ने उद्योगों के प्रतिनिधियों को सिक्योर मीटर्स लिमिटेड की तकनीकी ताकत पर प्रत्यक्ष प्रदर्शन और अंतर्दृष्टि रखने का अवसर दिया, साथ ही कार्यस्थल पर विभिन्न नवीन और सफल प्रथाओं को साझा किया। उन्होंने यह भी कहा कि यह तकनीकी उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए भारतीय उद्योग द्वारा उठाए जाने वाले निर्देशों पर विचार साझा करने के लिए एक मंच भी प्रदान करता है। अनन्य सिंघल, संयुक्त प्रबंध निदेशक, सिक्योर मीटर लिमिटेड ने सीआईआई-वाईआई प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत की और साझा किया कि एक जिम्मेदार संगठन के रूप में कंपनी ऊर्जा की बर्बादी को कम करने में मदद करने के लिए घरों व्र कार्यस्थलों में ऊर्जा के उपयोगकर्ताओं पर ध्यान केंद्रित करती है।

पेसिफिक हॉस्पिटल में बच्ची की सफल सर्जरी

उदयपुर, (कासं)। पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पिम्स) हॉस्पिटल, उमरड़ा में चिकित्सकों ने गंभीर हालत में आई बच्ची की सफल सर्जरी की है।

चेयरमैन आशिष अग्रवाल ने बताया कि आमलिया, उदयपुर निवासी 03 वर्षीय बच्ची को गंभीर हालत में परिजन पिम्स हॉस्पिटल, उमरड़ा लेकर आए। बच्ची को झेल्द-ईंहर्मैंम्म एंजू नामक बीमारी थी। यह बीमारी पेंक्रियाज में सूजन के बाद कुछ मरीजों में होती है। इसमें गंदा पानी भरी हुई रसौली बन जाती है व गंभीर रूप ले सकती है। बच्ची की रसौली बहुत विशाल आकार ले चुकी थी व श्वांस लेने में दिक्कत के कारण ऑक्सीजन की निरंतर जरूरत बनी हुई थी। इमरजेंसी उपचार के बाद बच्ची को जल्द ही सर्जरी के लिए लिया गया सिस्टो-गैस्ट्रोस्टॉमी प्रक्रिया की गई। बच्ची के स्वास्थ्य में बहुत तेजी से सुधार हुआ व पूरी तरह से स्वस्थ हालत में छुट्टी कर दी गई। मरीज का इलाज चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत नि:शुल्क हुआ है।पीडियाट्रिक सर्जन डॉ. अतुल मिश्रा ने बताया कि यह प्रक्रिया उनके विभाग के दूसरे ऑपरेशनों की तरह जटिल नहीं थी परन्तु जिस हालत में बच्ची आई थी उसे देखते हुए यह उनके (पीडियाट्रिक सर्जरी) व पीडियाट्रिक मेडिसिन विभाग की बड़ी सफलता है।

पेसिफिक हॉस्पिटल, उमरड़ा में बच्ची की सफल सर्जरी की गई।

'झूठी प्रतिष्ठा के लिए निगम के कार्यों का कर रहे दुष्प्रचार'

उदयपुर, (कासं)। नगर निगम महापौर गोविंद सिंह टाक ने उदयपुर नगर निगम के किए जा रहे दुष्प्रचार को आड़े हाथों लेते हुए सामने बैठकर बात करने की चेतावनी दी है। महापौर ने उदयपुर के सर्वांगीण विकास को लेकर कोई भी कमी नहीं रखने की बात कहते हुए हुए इसके खिलाफ कर रहे दुष्प्रचार करने वाले के खिलाफ रोष प्रकट किया है।

नगर निगम महापौर ने कहा की कोरोना काल के पश्चात नगर निगम द्वारा लगातार वृहद स्तर पर विकास कार्यों कीर्तिमान किया जा रहा है। सितंबर माह में आयोजित हुए जी 20 सम्मेलन में निगम द्वारा शहर में करोड़ों रुपए के विकास कार्य संपादित किए गए।21 से 23 मार्च तक फिर से जी 20 सम्मेलन उदयपुर में ही आयोजित किया जा रहा है। निगम द्वारा किए जा रहे उदयपुर के विकास को देखकर कुछ लोग बोखला गए हैं एवं जानकारी के अभाव में अनर्गल दुष्प्रचार करते हुए खुद का प्रचार करने में लगे हुए हैं। नगर निगम विकास उदयपुर के विकास में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रखेगा। शहर विकास में प्रथम पायदान पर ले जाना एकमात्र लक्ष्य है उस लक्ष्य को हम हासिल करके रहेंगे।

■ **महापौर ने कहा कि कचरा संग्रहण कार्य में जो भ्रांतिया फैलाई जा रही है वो पूरी तरह से झूठी है**

महापौर ने प्रश्नों पर स्पस्टीकरण देते हुए कहा है कि निगम में विकास कार्यों के दौरान किसी भी कार्य को लेकर कोई शिकायत या गड़बड़ी प्राप्त हुई है तो निगम द्वारा तुरंत कार्रवाई की गई है। निगम द्वारा कभी भी किसी गलती को नजरंदाज नहीं किया है। महापौर ने कहा कि कचरा संग्रहण कार्य में जो भ्रांतिया फैलाई जा रही है वो पूरी तरह से झूठी है। नगर निगम उदयपुर के कुल 70 वार्डो में प्रात:कालीन डोर टू डोर कचरा संग्रहण 16 वार्ड में फिनिश सोसायटी 20 वार्डो में मैसर्स ठाकुर इन्टरप्राईजेजए 22 वार्डो में मेसर्स नागेन्द्र रॉय प्राईवेट लिमिटेड तथा 12 वार्डो में सुप्रिम कन्स एजेन्सियों द्वारा किया जा रहा।

महापौर ने फर्जी बिलों के भुगतान और आज तक एफआईआर दर्ज नहीं पर अपना रूख स्पष्ट करते हुए कहा कि नगर निगम को डम्पर के बिलो के गलत भुगतान के संबंध में प्रकरण संज्ञान में आने के पश्चात आयुक्त नगर निगम द्वारा जांच हेतु उपायुक्त की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन गया था। समिति की जांच रिपोर्ट के आधार पर संवेदक द्वारा गलत तथ्यों के आधार पर बिल प्रस्तुत करने की अनियमित कार्यवाही के विरूद्ध संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज कराने एवं संवेदक की प्रतिभूति राशि जब्त करने के साथ उसके बिलों का भुगतान रोकते हुए सिविल कार्य का रजिस्ट्रेशन भी रद्द किया गया।

दुनिया के सभी विकसित देशों की तरक्की में राजस्थानियों का महत्वपूर्ण योगदान : डॉ.पूनियां

दुबई/जयपुर। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने दुबई के एक दिवसीय प्रवास पर विभिन्न प्रवासी सम्मेलनों में राजस्थानियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने दुबई में इंडियन पीपुल्स फोरम, 'राजस्थान बिजनेस एवं प्रोफेशनल ग्रुप' के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की और प्रवासी भारतीय कुशल श्रमिकों से संवाद किया।

दुबई के प्रवासी राजस्थानियों ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल एवं मजबूत नेतृत्व से भारत की साख दुबई से लेकर पूरी दुनिया में बढ़ी है, जिसका हमें उद्योगों और संस्कृति की मजबूती से लेकर मान-सम्मान में बड़ा लाभ मिला है और विदेशों में काम करने वाले भारतीय कुशल श्रमिकों के वेतन, सुरक्षा, अनुकूल वातावरण और स्वाभिमान को लेकर भी सुविधाओं में सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ विस्तार हुआ है, जो सभी भारतीयों के लिये गर्व की बात है।

पूनियां ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया के किसी भी देश में जाते हैं तो वहां प्रवासी भारतीयों से संवाद को प्राथमिकता देते हैं। जिससे उनके हाल-चाल जानते हैं और उनसे संबंधित कार्यों को केन्द्र की मोदी सरकार प्राथमिकता से अमल में लाती है और यह साबित करता है कि मोदी सरकार प्रवासियों के हर सुख-दुख में उनके साथ चट्टान की तरह मजबूती से खड़ी रहती है, चाहे कोरोनाकाल में लोगों की वतन वापसी की बात हो, रूस-यूक्रेन युद्ध में लोगों की स्वदेश वापसी की बात हो, हर परिस्थिति में केन्द्र की मोदी सरकार भारतीय और प्रवासी भारतीयों के हितों के लिये काम करती है।

दुनिया के सभी विकसित देशों की तरक्की में भारतीयों और राजस्थानियों का महत्वपूर्ण योगदान है और साथ ही प्रवासी राजस्थानी अपनी कर्मभूमि की तरक्की के साथ-साथ जन्मभूमि के विकास में भी निरंतर योगदान देते हैं, यह हमारी जड़ों के प्रति हमारा जुड़ाव को मजबूत करता है।

उन्होंने कहा कि, राजस्थान में 2023 में भाजपा की सरकार बनने पर हर प्रवासी के साथ भाजपा की सरकार मजबूती से हमेशा खड़ी रहेगी, विभिन्न देशों में रहने वाले प्रवासी राजस्थानियों को राजस्थान में उद्योग लगाने के लिये नियमों का सरलीकरण किया जाएगा, जो वर्तमान कांग्रेस सरकार नहीं कर रही है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस शासन में प्रदेश की बिगड़ी कानून व्यवस्था एवं महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अत्याचारों से ना केवल उद्यमी उद्योग लगाने से पीछे हट रहे हैं, बल्कि तमाम उद्योग पलायन भी कर गये और पर्यटकों की संख्या में भी कमी आई है।

भाजपा प्रवासी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजू मंगोड़ीवाला ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट प्रवासियों को जोड़ना व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां के आव्हान पर पहली बार देश विदेश के कोने-कोने तक रह रहे राजस्थानी प्रवासी संगठित हो रहे हैं।

दुबई में आयोजित हुये प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने प्रवासी राजस्थानियों के साथ सेल्फी ली।

■ **'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल एवं मजबूत नेतृत्व से भारत की साख दुबई से लेकर पूरी दुनिया में बढ़ी'**

इंटरनेशनल सिंधी दिवस पर इंडियन कांस्युलेट ऑडिटोरियम में ग्लोबल बिजनेस फेडरेशन व सिंधी समाज दुबई द्धारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया, जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (जीटो) की दुबई शाखा के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुये।

प्रवासी प्रकोष्ठ के सह संयोजक तेजराज सोलंकी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुकेश विजय, दुबई में आशीष गर्ग, अविनाश जागेटिया, सुनील जागेटिया, पंकज जैन, जितेन्द्र वैध, चन्द्रशेखर भाटिया, योगेश विजय, राधेश्याम सुथार, गणेश सुथार, केसर कोठारी, आलोक भार्गव, राकेश बोहरा, जी.आर.मेहता, नवीन शर्मा व प्रवीण मेहता सहित दर्जनों प्रवासी बंधुओं ने भाग लिया।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले सतीश पूनियां कर्नाटक, गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, नई दिल्ली, तेलंगाना इत्यादि राज्यों में मिशन 2023 और 2024 को लेकर प्रवासी राजस्थानी सम्मेलनों में शामिल हो चुके हैं।

नेशनल नियोनेटोलॉजी का वार्षिक सम्मेलन 24 से

राज्यपाल कलराज मिश्र से शनिवार को जयपुर नियोनेटोलॉजी राष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन अध्यक्ष डॉ. अशोक गुप्ता व आयोजन सचिव डॉ. जे.के. मित्तल ने मुलाकात की।

जयपुर, (का.सं.)। नेशनल नियोनेटोलॉजी फोरम राजस्थान और आईएपी जयपुर शाखा के सहयोग से इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स, नियोनेटोलॉजी चैप्टर का 3 दिवसीय कार्यशाला सह राष्ट्रीय सम्मेलन 24-26 मार्च को बिड़ला ऑडिटोरियम जयपुर में आयोजित किया जाएगा।

आयोजन के अध्यक्ष डॉ. अशोक गुप्ता ने बताया कि इस मेगा इवेंट में नियोनेटोलॉजी के क्षेत्र में प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय फैकल्टी और विशेषज्ञों की मेजबानी की जाएगी। क्षेत्र में कुछ अग्रदूतों डॉ. विनीत भंडारी (यूएसए), डॉ अभय लोढ़ा (कनाडा), डॉ शेरे कुओ (यूएसए), डॉ विनोद भूटानी (यूएसए), डॉ राजेश शर्मा (यूएई), डॉ एरिन रॉस (यूएसए) शामिल है।

आयोजन सचिव डॉ जयकृष्ण मित्तल ने आगे कहा कि नवजात शिशु देखभाल के क्षेत्र में काम करने वाले प्रतिनिधियों को इस क्षेत्र में किए गए विभिन्न शोधों और नवाचारों से अत्यधिक लाभ होगा और उन्हें इस क्षेत्र के अग्रदूतों के साथ बातचीत करने का अवसर मिलेगा।

डॉ. मनीष मित्तल संयुक्त सचिव ने कहा कि यह कार्यक्रम तीन दिवसीय कार्यक्रम है जहां विभिन्न निजी और सरकारी विभागों में विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। 24, 25 और 26 मार्च को विषय के विभिन्न पहलुओं पर अस्पताल मुख्य सम्मेलन के लिए बीएम बिड़ला सभागार में इकट्ठा होगा जहां विभिन्न प्रतिष्ठित संकाय अपने अनुभव और शोध साझा करेंगे।

आयोजन सचिव डॉ. रमेश चौधरी ने कहा कि आयोजन में नर्सों के प्रशिक्षण के लिए भी कार्यशाला होगी ताकि पुनर्जीवन, स्तनपान और कंगारू मदर केयर सहित नवजात शिशु की देखभाल के लिए बुनियादी कौशल प्रदान किया जा सके।

यह कार्यक्रम क्षेत्र के युवा डॉक्टरों को अपने शोध विषयों को प्रस्तुत करने का अवसर देगा और सर्वश्रेष्ठ लोगों को न्यायाधीशों द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

जे.के.लोन अस्पताल के अधीक्षक डॉ.आर.के.गुप्ता का निधन

जयपुर। राजधानी के जेके लोन हॉस्पिटल के अधीक्षक और जाने-माने शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. आर.के. गुप्ता का शनिवार अल सुबह एसएमएस अस्पताल में निधन हो गया। वे ब्रेन स्ट्रोक आने के बाद पिछले डेढ़ महीने से एसएमएस अस्पताल के न्यूरो सर्जरी आईसीयू में भर्ती थे। डॉक्टर गुप्ता के निधन पर हेल्थ सेक्टर से जुड़े लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने बताया कि डॉ. आर के गुप्ता को 2 फरवरी की रात को ब्रेन स्ट्रोक आया था। इसके बाद से ही उनका इलाज एसएमएस अस्पताल के न्यूरोक सर्जरी आईसीयू में चल रहा था। न्यूरो सर्जरी विभाग के डॉक्टरों की टीम ने उनके दो ऑपरेशन भी किए थे। इसके बाद वे कोमा में चले गए थे। लंबे समय तक इलाज के बाद भी डॉ. गुप्ता को होश नहीं आया था। पिछले कुछ दिनों पहले ही उनको न्यूरोसर्जरी आईसीयू से जनरल मेडिकल आईसीयू में शिफ्ट किया था। लंबे इलाज और डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बाद भी उन्हें होश नहीं आया। डॉक्टरों के मुताबिक शनिवार सुबह साढ़े चार बजे उनका निधन हो गया।

गौरतलब है कि डॉ. गुप्ता को राज्य सरकार ने पिछले साल 30 सितम्बर को जयपुर के जेके लॉन हॉस्पिटल का अधीक्षक बनाया था। डॉ. गुप्ता सीनियर शिशु रोग विशेषज्ञ होने के साथ ही बच्चों की पेट संबंधि बीमारियों का भी ट्रीटमेंट करते थे। इसके अलावा वे एसएमएस मेडिकल कॉलेज में पीडियाट्रिक डिपार्टमेंट में सीनियर प्रोफेसर भी थे।

ब्राह्मण महापंचायत आज विद्याधर नगर स्टेडियम में

जयपुर, (का.सं.)। विप्रसेना के बैनर तले जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में 19 मार्च को प्रात: 11 बजे से होने वाली ब्राह्मण समाज की महापंचायत की व्यवस्थाओं को लेकर आज शनिवार को विप्र सेना के पदाधिकारी और आयोजन की व्यवस्था देख रहे कार्यकर्ताओं मीटिंग हुई। विद्याधर नगर स्टेडियम में हुई मीटिंग के दौरान पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया और कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर विप्र सेना प्रमुख सुनील तिवाड़ी ने बताया कि ब्राह्मण महापंचायत में देश के लगभग आधा दर्जन राज्यों के साथ ही प्रदेश के कोने-कोने से साढ़े चार लाख से अधिक समाज के बंधु पहुंचेंगे। महापंचायत के दौरान समाज के बंधुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए भोजन, पानी, चिकित्सा और सुरक्षा सहित विभिन्न व्यवस्थाऐं की गई है, इन्ही व्यवस्थाओं का आज जायजा लिया गया। उन्होंने बताया कि महापंचायत की शुरूआत देवी-देवता पूजन एवं यज्ञ से होगी, इसके बाद राष्ट्रीय गीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, दीप प्रज्जवलन, वेद विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वाचन, संत महात्माओं का सम्मान, 51 विद्वानों द्वारा मंत्रोच्चार, ड्रान से पुष्प वर्षा, विप्र सेना महिला प्रकोष्ठ की 51 महिलाओं द्वारा संत महात्माओं की आरती, स्मारक डाक टिकिट का विमोचन होगा।

वकीलों ने की प्रमुख विधि सचिव से वार्ता

■ **प्रोटेक्शन बिल में संशोधन के लिये वकील मिले, विधि सचिव ने वकीलों को संशोधन करवाये जाने का आश्वासन दिया**

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल-2023 में संशोधन के लिए शनिवार को वकीलों की संघर्ष समिति के पांचों मुख्य संयोजकों कमल किशोर शर्मा, रणजीत जोशी, महेन्द्र शांडिल्य, रवि भंसाली व विवेक शर्मा ने प्रमुख विधि सचिव ज्ञान प्रकाश गुप्ता से मिलकर वार्ता की। इस दौरान बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के चेयरमैन घनश्याम सिंह राठौड़ और अतिरिक्त महाधिवक्ता डॉ. विभूति भूषण शर्मा भी शामिल हुए। वकीलों के प्रतिनिधि दल ने प्रमुख विधि सचिव से कहा कि एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल में वकीलों के पक्ष में संशोधन कराया जाए। इस पर विधि सचिव ने वकीलों को संशोधन करवाए जाने का आश्वासन दिया। दरअसल वकील राज्य सरकार की ओर से 15 मार्च को विधानसभा में पेश किए एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल में प्रावधान किया गया है कि वकील के खिलाफ अदालत परिसर में अपराध होने पर ही उसे इस कानून का लाभ मिलेगा। वहीं धारा-9 के तहत उनके खिलाफ क्लाइंट की ओर से मुकदमा दायर करने के प्रावधान में भी वकील संशोधन चाहते हैं। वहीं अधिवक्ता के खिलाफ अपराध होने पर दोषी को मिलने वाली सजा और जुर्माने को भी वकील बढ़वाना चाहते हैं। गौरतलब है कि गत 18 फरवरी को जोधपुर में एक वकील की दिनदहाड़े हुई हत्या के बाद प्रदेशभर के वकील 20 फरवरी से न्यायिक बहिष्कार पर हैं। वकीलों की मांग है कि एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल को विधानसभा से पारित कर कानून का रूप दिया जाए। गत दिनों विधि मंत्री शांति धारीवाल की अध्यक्षता में वकीलों की सरकार से वार्ता हुई थी। जिसमें तय किया गया था कि 15 मार्च को बिल सदन में रखकर उसे 21 मार्च को पारित करवाया जाएगा। इसके बाद वकीलों ने बिल के कुछ प्रावधानों में संशोधन की मांग की है।